हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 41.5 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

11 पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए...



12 बावल रोड पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी जमींदोज की



### करीब डेढ साल से बस स्टैंड में ठीक चल रही व्यवस्था फिर से बिगड़ी, मनमर्जी की जगह व्हीकल खड़ा करके जा रहे लोग

# बस स्टैंड की पिक एंड ड्राप पार्किंग में पूरे दिन वाहनों का जमावड़ा, पुलिस चौकी की नो-पार्किंग में खड़े हो रहे वाहन

हेमंत शर्मा ⏭रेवाड़ी

सरकुलर रोड स्थित बस स्टैंड परिसर में एक बार फिर से पार्किंग व्यवस्था बेकाबू चल रही है। बस स्टैंड में आने वाले लोग मनमर्जी की जगह अपने वाहनों को खड़ा करके अव्यवस्था फैलाने का काम कर रहे है। यहां तक कि लोग बस स्टैंड पुलिस चौकी के सामने व यात्रियों के लिए बैठने के स्थान पर भी वाहनों को खड़ा कर देते है। रोडवेज अधिकारियों व पुलिस कर्मियों की ओर से इस ओर ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है।

हालांकि बस स्टैंड की पार्किंग के लिए अभी हाल ही में वर्ष 2028 तक तीन साल का ठेका छोड़ दिया गया है, जिससे परिसर में अब पार्किंग व्यवस्था सुधरने की उम्मीद है, लेकिन पार्किंग व्यवस्था होने के बावजूद भी लोग अपना व्हीकल खड़ा करके चले जाते है। बस स्टैंड की पिक एंड ड्राप पार्किंग में पूरे दिन वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है।








रेवाड़ी। बस स्टैंड की पिक एंड ड्राप पार्किंग में वाहनों का जमावड़ा, पुलिस चौकी की नो-पार्किंग में खड़े वाहन तथा बस स्टैंड में बसों के पास खड़े चौपहिया वाहन। फोटो : हरिभूमि

### कर्मचारियों की संख्या से ज्यादा वाहन हो रहे खड़े

बस स्टैंड परिसर में पुलिस के पास स्थित पार्किंग स्थल पर कर्मचारियों के व्हीकल खड़े किए जाते है, लेकिन कर्मचारियों के व्हीकलों के अलावा पार्किंग में अन्य व्हीकलों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां तक कि रोजाना अन्य जिलों में ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारी भी यही अपना व्हीकल खड़ा करके जा रहे है, जबकि यह कर्मचारी रोडवेज वर्कशॉप में व्हीकल खड़ा कर सकते है। इस पार्किंग में करीब 150 से ऊपर व्हीकल रोजाना खड़े रहते है।

### पुलिस चौकी की नो-पार्किंग में भी व्हीकल

बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी के पास भी काफी संख्या में व्हीकल खड़े किए जा रहे है। पुलिस चौकी के पास स्थित खाली जमीन में लोगों के लिए बैठने के लिए बैंच लगाई गई थी, लेकिन अब यह जगह लोगों के व्हीकल खड़े करने के काम आ रही है। पुलिस चौकी के बाहर नो-पार्किंग बोर्ड किसी काम नहीं आ रहा है, क्योंकि लोग बोर्ड के पास ही व्हीकल खड़ा कर रहे है।

### खाली जगह में वाहनों का हो रहा जमावड़ा

बस स्टैंड के बीच वाले गेट से लोगों को आवागमन रहता है। इसी गेट के अंदर स्थित खाली जगह में बस स्टैंड में यात्रियों को छोड़ने आने वाले लोगों की ओर से अपने व्हीकल खड़े किए जाते है। इस जगह पर ज्यादा समय तक व्हीकल खड़ा करने की इजाजत नहीं है, जिसके लिए परिसर में पिक एंड ड्राप पार्किंग बोर्ड भी लगाया हुआ है, जबकि इस जगह पर पूरे दिन वाहनों का जमावड़ा रहता है। यही नहीं लोग अपने वाहन अव्यवस्थित ढंग से खड़े करके चले जाते है, जिससे लोगों को निकलने में परेशानी उठानी पड़ती है।

### आमजन को उठानी पड़ रही है दिक्कत

बस स्टैंड पर ।अने जाने वाले लोगों को यहां खडे होन वाले वाहनों के चलते भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। ज्यादातर लोग बीच वाले गेट से बाते जाते हैं। इसी गेट के अंदर खाली जगह पर यात्रियों को छोड़ने आने वाले लोग अपने वाहनों को खड़े करके चले जाते हैं। हालांकि यहां पर ज्यादा समय तक वाहन खड़ा करने की इजाजत नहीं है।इसके बावजूद इस जगह पर पूरे दिन वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। लोग अपने वाहन अव्यवस्थित ढंग से खड़े कर देते है, जिससे आमजन को आने-जाने में परेशानी होती है।

### दुकानदार भी उठा रहे फायदा

बस स्टैंड स्थित पिक एंड ड्राप पार्किंग का सहारा सरकुलर रोड के दुकानदार भी ले रहे है। सूत्रों के अनुसार बस स्टैंड के सामने सरकुलर रोड पर स्थित दुकानों के कई दुकानदार इस पार्किंग में अपने चौपहियां वाहन खड़े करके जगह रोक रहे है। इस जगह पर सुबह से रात तक दुकानदारों के वाहन खड़े रहते है।

**पहले पुलिस ने व्यवस्था की थी दुरुस्त** :गत वर्ष बस स्टैंड चौकी पुलिस ने बस स्टैंड परिसर में पिक एंड ड्राप पार्किंग में व्यवस्था पुरी तरह सुधार दी थी। व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस चौकी इंचार्ज ने गेट पर कर्मचारी तैनात कर दिए थे। पुलिस की ओर से बस स्टैंड पर अवैध तरीके से वाहन खड़े होने की सभी जगहों को खाली करा दिया था तथा वाहनों के चालान किए गए व वाहन इंपाउंड भी किए गए, लेकिन अब फिर से व्यवस्था बिगड़ गई है।

### अब पार्किंग का ठेका छूटने से व्यवस्था सुधरने की उम्मीद

**तीन साल के लिए छोड़ा गया पार्किंग ठेका**

बस स्टैंड पार्किंग का ठेका तीन साल के लिए छोड़ दिया गया है। बस स्टैंड पार्किंग का ठेका 2028 तक के लिए छोड़ा गया है। पार्किंग का ठेका छोड़े जाने के बाद बस स्टैंड परिसर में अ्रवयवस्थित पार्किंग भी सुधर जाएगी।

– **शमशेर सिंह**, पूर्व बिल्डिंग क्लर्क

## खबर संक्षेप

### बावल के टाइल मिस्त्री की मोटरसाइकिल चोरी

**बावल।** बावल के आनंद नगर से चोर मिस्त्री की मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। गांव सिहोड जिला झुन्झनु राजस्थान निवासी अनिल कुमार ने बावल थाना पुलिस को बताया कि वह टाईल मिस्त्री का काम करता है। गत 23 अप्रैल को वह आनन्द नगर वार्ड नंबर-13 में मेहरचन्द सैनी के मकान में टाईल लगाने का काम कर रहा था तथा अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। जब उसने दोपहर करीब 12:30 बजे बाहर आकर देखा तो वहां से मोटरसाईकिल गायब थी। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### 11 किसानों के सोलर पैनल की केबल चोरी

**कसोला।** कसोला क्षेत्र के गांव बगथला में चोर ग्यारह किसानों के खेतों से सोलर पैनल की केबल चोरी कर ले गए। गांव बगथला निवासी कृष्ण कुमार ने कसोला थाना पुलिस को बताया कि 22 अप्रैल की रात उनके खेत से सोलर पैनल की करीब 100 फीट केबल चोरी हो गई। उन्होंने जब आस पड़ोस में पूछताछ की तो पता चला कि चोर करीब 10 किसानों के खेतों से भी केबल चोरी कर ले गए। चोर किसान राजेन्द्र, हजारीलाल, सुरेश, हंसराज, जल सिंह, धर्मपाल, प्रहलाद, ओमप्रकाश, दलीप तथा बोदन सिंह के सोलर पैनल की भी केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से कंपनी कर्मचारी घायल

**कसोला।** दिल्ली-जयपुर हाइवे पर कसोला फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार बाइक ने अन्य बाइक को टक्कर मार दी, जिससे कंपनी कर्मचारी घायल हो गया। मोहल्ला मालीटिब्बा नारनौल निवासी सुरेश ने गढ़ी बोलनी चौकी पुलिस को बताया कि वह भिवाड़ी कंपनी में नौकरी करता है। गत 19 अप्रैल को वह बाइक से भिवाड़ी से नीमराना जा रहा था, जब रात करीब 11:30 बजे वह एनएच-48 स्थित कसोला फ्लाईओवर पर पहुंचा तो एक तेज रफ्तार मोटर साईकिल ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर व पैर में काफी चोटें आई। सूचना के बाद मौके पर पुलिस ने उसे निजी अस्पताल में दाखिल कराया। उसके बाद उसका परिवार उसे इलाज के लिए नीमराना प्राइवेट अस्पताल में ले गए। पुलिस ने बाइक चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### गाड़ी की टक्कर लगने से महिला घायल

**रेवाड़ी।** शहर की टीपी स्कीम कॉलोनी में एक तेज गाड़ी ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी, जिससे महिला को काफी चोटें आई। शहर के आनंद नगर में किरायेदार पुष्पा सिंह ने सिटी थाना पुलिस को बताया कि वह कंपनी में काम करती है। गत 23 अप्रैल वह अपने पति इन्द्रेश सिंह के साथ स्कूटी पर टीपी स्कीम मार्केट जा रही थी, जब वे मार्केट के कट पर पहुंचे तो एक गाड़ी ने स्कूटी को साईड से टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में महिला को ज्यादा चोटें आई। उसके पति ने उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। पुलिस ने अज्ञात गाड़ी चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### रेवाड़ी के पंजाबी मार्केट से मोटरसाइकिल चोरी

**रेवाड़ी।** पंजाबी मार्केट से चोर दुकानदार की बाइक चोरी कर ले गए। हंस नगर निवासी नीरज ने गोकल गेट चौकी पुलिस को वह 22 अप्रैल को बाइक से पंजाबी मार्केट में अपनी दुकान पर आया था तथा अनुज गुलाटी के घर के सामने बाइक खड़ी करके दुकान पर चला गया। जब शाम को दुकान बंद करके वह बाइक लेने पहुंचा तो वहां से बाइक गायब थी। आसपास पूछताछ करने पर भी बाइक का सुराग नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## महिला को झांसा देकर नकदी व जेवरात ठगने वाला एक और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

सीआईए रेवाड़ी ने गत वर्ष फरवरी माह में राजीव चौक के पास एक महिला को झांसा देकर नशीला पदार्थ सुंघाकर नकदी व जेवरात ठगने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान उतराखंड के जिला उधमसिंह नगर गांव ठंडा नाला गुलरभोज निवासी सैफुदिन अली उर्फ सैफु के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 15 फरवरी को जिला महेंद्रगढ़ के गांव खैराना हाल में सेक्टर-3 निवासी एक महिला राजीव चौक से पैदल अपने घर जा रही थी। इसी दौरान दो युवक उसको झांसा देकर नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके गले की सोने की चेन, अंगूठी, कानों के कुंडल, स्मार्ट फोन, दो साड़ी व पर्स लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी यूपी के जिला मेरठ गांव आशिफाबाद समसपुर निवासी फिरोज को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुछताछ में आरोपी फिरोज ने बताया था की वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घरेलु व कामकाजी महिलाओं को झांसा देकर वारदात को अंजाम देते थे। मामले में सीआईए ने बुधवार को एक और आरोपी सैफुदिन अली उर्फ सैफु को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में महिला से ठगी का आरोपी।

## मेजर बेटे ने एसपी को दी शिकायत | ऑटो में महिला की सोने की चूड़ियां छीनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सरकुलर रोड पर ऑटो में गिरोह ने महिला के हाथों से सोने की चूड़ियां छीन ली। दंपति नाईवाली चौक से रेलवे स्टेशन जाने के लिए ऑटो में सवार हुए थे। गोल्ड स्नेचिंग की वारदात गत 31 मार्च को हुई है।

रक्षा मंत्रालय में कार्यरत मेजर अनूप कुमार यादव ने एसपी को मेल भेजकर शिकायत दी है, जिसके बाद शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। जिला महेन्द्रगढ़ के गांव सेहलंग निवासी मेजर अनूप कुमार ने एसपी को मेल के माध्यम से दी शिकायत में बताया कि वे रक्षा मंत्रालय दिल्ली में कार्यरत है। 31 मार्च को उनके पिता बाबूलाल यादव और मां भगवती देवी ने गत 31 मार्च को करीब शाम 4 बजे नाईवाली चौक से रेलवे स्टेशन तक जाने के लिए एक ऑटो बुक किया था। ऑटो में चालक सहित चार व्यक्ति और एक महिला पहले से बैठे हुए थे, जिन्होंने उनकी मां के हाथें से करीब 47 हजार कीमत की सोने की चूड़ी छीन ली। वारदात से उनकी मां को चोटें भी आई है। एसपी को शिकायत देने के बाद शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर वर्कशॉप संचालक को पीटा

- प्रवीन ने आरोप लगाया कि यह वारदात होली पर हुई कहासुनी के चलते गोल्डन विला निवासी संजू ने करवाई है

हरिभूमि न्यूज ⏭धारूहेड़ा

पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लड़कों ने वर्कशॉप में घुसकर व्यक्ति पर डंडों से हमला कर दिया, जिससे काफी चोटें आई।

गोल्डन विला सोसायटी निवासी निवासी प्रवीन कुमार ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बातया कि उसका कान्हावास कट खिजूरी के पास गाड़ियों की बॉडी बनाने की वर्कशॉप की हुइ है। गत 20 अप्रैल को रात करीब 11:30 बजे जब वह घर जाने की तैयारी कर रहा था, तभी डंडों से लैस 8-9 नकाबपोश युवक वर्कशॉप में घुस गए और उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे काफी चोटें आई। इसके बाद युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

प्रवीन ने आरोप लगा कि यह वारदात गोल्डन विला निवासी संजू ने कराई है, क्योकि उनकी होली पर संजू के साथ कहासुनी हो गई थी। उसके भाई परजिन्दर ने उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध शराब तस्करी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली

सीआईए कोसली ने अवैध रूप से शराब तस्करी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव पाल्हावास निवासी राजेश कुमार के रूप में हुई है।

गत 23 अप्रैल को सीआईए कोसली ने रेवाड़ी-रोहतक हाइवे पर गांव चांदनवास के पास एक बंद बॉडी की पिकअप गाड़ी को चैक किया तो उसमें 23 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पिकअप चालक धर्मसिंह उर्फ दिनेश निवासी गांव पाल्हावास शराब का परमिट व लाइसेंस पेश नहीं कर पाया। पुलिस पूछताछ में चालक धर्मसिंह ने बताया कि वह शराब ठेकेदार राजेश कुमार के कहने पर रोहड़ाई मोड ठेके से दूसरे ठेके पर लेकर जा रहा था। पुलिस ने पिकअप को शराब सहित कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आरोपी चालक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी गांव पाल्हावास निवासी राजेश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी राजेश कुमार।

## आईएमटी बावल से दो ट्रांसफार्मर चुरा ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭कसोला

आवासीय क्षेत्र सेक्टर-4 आईएमटी बावल से चोर 200 केवीए के दो ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए, जिससे बिजली निगम को 5.50 लाख रुपये का नुकसान हो गया। कसोला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम के जेई परमवीर ने कसोला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 अप्रैल की मध्यरात्रि आवासीय क्षेत्र सेक्टर-4 आईएमटी बावल से दो ट्रांसफार्मर चोरी हो गए।

एचएसआईआईडीसी क्षेत्र में कार्यरत विक्रम एलएम अशोक एएलएम व इंद्रपाल एएलएम ने उनको ट्रांसफार्मर चोरी होने की सूचना दी, जिसके बाद उन्होंने मौके पर जाकर जांच की तो वहां पर कोई ट्रांसफार्मर नहीं था। जेई ने दोनों ट्रांसफार्मर की कीमत 550000 रुपये बताई है। पुलिस ने जेई की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को कानून व समाज की जमीनी हकीकत से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में विधि विभाग की ओर से पुलिस के दृष्टिकोण से कानून की जागरूकता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईजी अशोक कुमार का अतुलनीय योगदान रहा।

आईजी कार्यालय से उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह प्रभारी लीगल सेल और सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार कानून की व्यावहारिक समझ, सामाजिक सुरक्षा और युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्रीय अनुभवों को साझा करते हुए छात्रों को कानून और समाज की जमीनी हकीकत से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सतीश कुमार ने की।

कार्यक्रम का मंच संचालन डा. कुसुम यादव ने किया। इस अवसर पर एडवोकेट निहारिका, डा. हेमंत कुमार यादव, डा. पूनम रानी, डा. अरविंद कुमार व लिपिक चंद्रशेखर सहित विधि विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

**प्रदर्शनी** | डीसी ने गांव बैरियावास में अरावली किसान क्लब का किया शुभारंभ

## कृषि और बागवानी विभाग से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठाएं किसान : अभिषेक मीणा

- डीसी मीणा ने कहा कि जिले के किसान अन्य जिलों के किसानों की अपेक्षा कम रसायन व उर्वरक का इस्तेमाल करते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को गांव बैरियावास में अरावली किसान क्लब का शुभारंभ किया। किसान रत्न अवार्डी यशपाल खोला को इस क्लब का प्रधान बनाया गया।

डीसी ने कृषि व बागवानी विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। डीसी ने सर्वप्रथम पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर डीसी मीणा ने कहा कि जिले के किसान अन्य जिलों के किसानों की अपेक्षा कम रसायन व उर्वरक का इस्तेमाल करते हैं।



रेवाड़ी। गांव बैरियावास में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए डीसी मीणा।

उन्होंने कहा कि सभी किसान सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि व बागवानी विभाग से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठाएं। डीसी ने राज्य स्तरीय अवार्ड प्राप्त करने वाले किसान संजय यादव, राजबाला, रितिक यादव व खुशी एग्रो प्राइवेट लिमिटिड तथा जिला स्तरीय अवार्ड प्राप्त करने वाले किसान सूबे सिंह व बिरेन्द्र सिंह को भी सम्मानित किया। बागवानी एक्सपो में लक्की ड्रा के माध्यम से मिनी ट्रैक्टर प्राप्त करने वाले किसान सहित डा. अमरजीत, डा. अशोक डहीनवाल व डा. रूप सिंह को सम्मानित किया गया। कृषि रत्न अवार्डी किसान यशपाल खोला ने जिले में प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों की संख्या बढ़ाने तथा क्लब के कार्य शैली को मजबूत करने के लिए ब्लॉक व गांव स्तर पर अधिक से अधिक किसानों को क्लब से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त हर गांव से पांच किसानों को प्राकृतिक खेती की ट्रेनिंग दिलाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय निदेशक कृषि अनुसंधान केंद्र बावल डा. धर्मबीर यादव ने किसानों के लिए योजनाओं को लागू कराने का अनुरोध किया। इस अवसर पर दिनेश शर्मा ने किसानों को कृषि यंत्रों पर दिए जाने वाले अनुदान के बारे में जानकारी दी। जिला उद्यान अधिकारी मनदीप यादव ने बागवानी विभाग की मुख्य योजना एमआईडीएच तथा निकट भविष्य में लागू हो रहे जेआईसीए प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी तथा राज्य स्तरीय अवॉर्ड हासिल करने वाले किसानों की सफलता के बारे में किसानों को अवगत कराया। इस अवसर पर कृषि विभाग के एसडीओ डा. दीपक यादव सहित विभिन्न गांवों से आए किसान मौजूद थे।

रोचक / रजनी अरोड़ा

टनल यानी सुरंग, जिसके भीतर से हम गुजरते हुए अपना रास्ता तय करते हैं। टनल, पहाड़ या चट्टान को काट कर ही नहीं, कुछ टनल पेड़ के बीच या किसी विशाल टॉवर की मंजिलों के बीच भी बने हैं, जिन्हें देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह जाता है।

# आश्चर्यचकित करने वाले दुनिया के अनोखे टनल



### 5वीं-7वीं मंजिल के बीच टॉवर टनल, जापान

**जापान की** टॉवर टनल की खास बात यह है कि यह एक 16 मंजिला ग्रेट टॉवर ऑफिस बिल्डिंग की 5वीं-7वीं मंजिल के बीच में से होकर गुजरती है। इस टनल में बने हानशिन एक्सप्रेसवे पर ट्रांसपोर्ट भी चलता है। यह एक्सप्रेसवे जापान के ओसाका शहर में बना है। सन 1992 में बनी यह टनल 71.9 मीटर (236 फीट) ऊंची है। टनल को ऐसी तकनीक से डिजाइन किया गया है कि इस पर गुजरते ट्रैफिक के शोर और वाइब्रेशन का कोई असर बिल्डिंग की अन्य मंजिलों पर नहीं पड़ता। *

### मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद द बंड टनल, चीन

**चीन के** शंघाई शहर में हुआंगपु नदी के नीचे बने द बंड टनल में चारों तरफ 6 चैनल एंप्लीफाइस सिस्टम और साउंड इफेक्ट्स जैसी लेटेस्ट साइकेडेलिक मल्टीमीडिया



टेक्नोलॉजी फिट की गई हैं। पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है-यहां बने रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ऑटोमेटिक ट्रांसपेरेंट मागलेव ट्रेन की राइड। यहां ऑटोमेटिक मागलेव ट्रेन में घूमते हुए शानदार ऑडियो-वीडियो युक्त मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद लिया जा सकता है। *

### पेड़ के तने के बीच सेक्यूआ टनल, अमेरिका



**बच्चो, एक** ऐसी टनल भी है, जिसे पेड़ के तने को काट कर बनाया गया है। यह टनल है-कैलिफोर्निया, अमेरिका के सेक्यूआ नेशनल पार्क में, जो दुनिया की सबसे छोटी टनल है। इस पार्क में सेक्यूआ के बड़े-बड़े पेड़ हैं। 1937 में ऐसा ही एक बहुत बड़ा पेड़ प्राकृतिक कारणों से पार्क के रास्ते में सड़क पर गिर गया था। 84 मीटर (275 फुट) लंबे इस पेड़ का तना 6.4 मीटर (21 फुट) का था। इसके तने की चौड़ाई देखकर पार्क के अधिकारियों ने इस पेड़ को हटाने के बजाय इसके तने को काटकर उसके बीच में से गुजरता रास्ता बनाने का फैसला किया। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से इसके तने को 2.4 मीटर (8 फुट) लंबाई और 5.2 मीटर (17 फुट) चौड़ाई में काट कर टनल का रूप दिया गया। आज भी यह टनल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, इसके नीचे से कार आराम से गुजर जाती है। *

### फूलों के बीच मजा विस्टेरिया टनल, जापान

**बच्चो, अगर** तुम्हें फूलों के बीच बने टनल से गुजरने का मौका मिले तो कैसा लगेगा! मानी बात है, बहुत मजा आएगा। ऐसी ही एक टनल जापान के किटक्यूशू द्वीप के कावाची फूजी गार्डन में है, जिसका नाम है-विस्टेरिया टनल। कावाची फूजी गार्डन में बनी बेलनाकार जाली के ऊपर विस्टेरिया फूलों के झाड़ीनुमा पौधों को इस तरह बढ़ने दिया जाता है कि वो टनल का आकार ले लेते हैं। 110 मीटर लंबे इस टनल में 20 से अधिक किस्मों के 150 से भी अधिक विस्टेरिया फूलों के पौधे लगाए जाते हैं। अप्रैल-मई के महीने में यह टनल रंग-बिरंगे विस्टेरिया फूलों से भर जाती है, जो देखने में बहुत मनभावन लगती है। इस टनल को दूर-दूर से पर्यटक देखने आते हैं। *



### दुनिया का आठवां आश्चर्य नेचुरल टनल, अमेरिका

**अमेरिका के** वर्जीनिया में स्थित लाखों साल पुरानी यह नेचुरल टनल, आज भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। पहले यहां चूना-पत्थर (लाइमस्टोन) की चट्टानें हुआ करती



थीं, जो कार्बनिक एसिड मिले ग्राउंडवाटर के रिसने से धीरे-धीरे टूटती गईं और अपने-आप ही टनल का रूप लेती गईं। आज भी यह टनल 61 मीटर (200 फुट) चौड़ी और 24 मीटर (80 फुट) लंबी है। 1896 में इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य घोषित किया गया था। *

### पेड़-पौधों की हरियाली से सजी टनल ऑफ लव, यूक्रेन



**जिस तरह** जापान की विस्टेरिया टनल फूलों से सजी है, उसी तरह यूक्रेन में स्थित क्लेवान टनल, पेड़-पौधों की हरियाली से सजी है। यह टनल करीब 3 किलोमीटर लंबी है। यह जंगल के उस रेलवे ट्रैक के आस-पास बनी है, जिस पर गुजरकर दिन में तीन बार जंगल से कटी लकड़ियां ट्रेन, फैक्ट्रियों तक पहुंचाती है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण इसे टनल ऑफ लव नाम दिया गया है। जब इस टनल से ट्रेन के गुजरने का समय नहीं होता, तब पर्यटक इस टनल के रेलवे ट्रैक पर पैदल चलने का भी आनंद लेते हैं। *

### अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पाथ टनल, कनाडा



**बच्चो, जिस** तरह दिल्ली में स्थित पालिका बाजार, अंडरग्राउंड बना हुआ है, इसी तरह कनाडा के टोरंटो में भी पाथ अंडरग्राउंड टनल में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। यह टोरंटो के ऑफिस टॉवर के नीचे है, जो 30 किलोमीटर लंबा है। यहां तकरीबन 1200 रिटेल शॉप्स, 20 पार्किंग गैराज हैं। वर्ष 1900 में पैदल यात्रियों के लिए शुरू की गई यह टोरंटो की पहली टनल थी। 1960 के दशक में इसमें अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने शुरू हो गए। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड टनल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। इस टनल से रोजाना करीब 1 लाख लोग गुजरते हैं। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा

बच्चो, कहानी-कविता की किताबें तो तुम खूब पढ़ते होगे, लेकिन क्या इनके अलावा ज्ञानवर्धक और नॉन-फिक्शन किताबें भी पढ़ते हो? ऐसी किताबें तुम्हें आज की दुनिया के साथ जोड़े रखती हैं, जानकारी बढ़ाती हैं और कुछ अच्छा करने, कुछ बनने की राह दिखाती हैं। कुछ समय पहले ऐसी ही एक किशोरोपयोगी प्रेरक किताब 'भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा' छपकर आई है। इस किताब में 15 भारतीय महिला वैज्ञानिकों के बारे में बताया गया है। उन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान तो दिया ही है, साथ ही उनकी यह यात्रा भी कम रोचक नहीं रही है, क्योंकि उन्होंने तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करके ऊंचा मुकाम बनाया है। इन महिला वैज्ञानिकों के बारे में पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलेगा। *



**किताब:** भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा, **लेखिका:** अनुपमा गोरे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल

## बूझो तो जानें



1. नभ में एक धनुष बनता है
जिसके रंग हैं पूरे सात।
नहीं हाथ में आ सकता है
दिखता, जब होती बरसात।

2. खाओगे तो स्वाद है कड़वा
कहलाता हूं बड़ा हकीम।
सबको शीतल छाया देता
चिड़ियां करती प्यार असीम।

3. एक वर्ष के लिए मैं आऊं।
दिवस, दिनांक, मास बतलाऊं।
छोटे-बड़े हैं बारह बच्चे।
सभी नेक हैं, सीधे-सच्चे।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1. इंद्रधनुष, 2. नीम, 3. कैलेंडर

## जीके क्विज-151

1. आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी का नाम क्या है?
2. हाल में भारत आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
3. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
4. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. विश्व श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
7. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
8. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
9. वायुमंडल में किस गैस का प्रतिशत सबसे अधिक पाया जाता है?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी कहां है?



**बच्चो, जीके क्विज-151 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-150 का उत्तर :** 1.1970 ई., 2.गैलॉर्ड नेल्सन, 3.विराट कोहली, 4.पुर्तगाल, 5.एस. जयशंकर, 6.मासिनराम, 7.कोलकाता, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.चैत्र, 10.तिरुवनंतपुरम

**जीके क्विज-150 का सही उत्तर देने वाले :** राजेंद्र-चांपा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, शताक्षी-दुर्ग, हर्ष-रायपुर, सचिन-रोहतक, अमन-बिलासपुर, आयुष-ईमेल से, दिव्या-रोहतक

---

कहानी / राजेंद्र श्रीवास्तव

स्वप्निल का जन्मदिन आया तो वह अपनी बहन चिया के साथ इसकी तैयारी में जुट गया। जन्मदिन की तैयारी में वह ऐसा खोया कि रात सोने पर भी सपने में वह अपना जन्मदिन बड़े अनोखे अंदाज में मनाते दिखा। आंख खुली तो उसे अपने आप पर खूब हंसी आई, साथ में मम्मी-पापा और चिया भी खूब हंसे। ऐसा क्या सपने में देखा स्वप्निल ने?

# स्वप्निल का सपना



स्वप्निल आज बहुत खुश था। वह खुशी-खुशी अपने सभी दोस्तों को बता रहा था, 'कल मेरा जन्मदिन है।' उसने अपने सभी दोस्तों को बर्थ-डे पार्टी में इनवाइट किया था। सबने वादा किया कि वह कल उसकी बर्थ-डे पार्टी में जरूर आएंगे। स्वप्निल की बहन चिया भी इस पार्टी को लेकर बहुत उत्साहित थी। स्कूल से घर आकर दोनों शाम तक बर्थ-डे पार्टी की तैयारी में लगे रहे। स्वप्निल उतावला हो रहा था, कब रात बीते और सवेरा हो और वह अपनी बर्थ-डे पार्टी मनाए।

स्वप्निल का उतावलापन देखकर मां ने कहा, 'बेटा, क्या जागते-जागते ही रात काटोगे, अब सो जाओ।'

स्वप्निल ने मां की बात मानी और आकर अपने बिस्तर पर लेट गया। कल की पार्टी के बारे में सोचते-सोचते कब वह सो गया, पता ही नहीं चला। सपने में स्वप्निल ने देखा कि वह किसी घने जंगल से गुजर रहा है। तभी सामने एक बड़ी-सी नदी दिखाई दी। नदी पर लंबा और आड़ा-तिरछा, ऊंचा-नीचा पुल है। पुल के दूसरी ओर एक सजी हुई टेबल पर उसका मनपसंद बहुत ही सुंदर-सा केक रखा है। केक के आस-पास बहुत सारे गिफ्ट भी रखे हुए हैं। उसके सभी दोस्त और चिया भी वहां धूम मचा रहे हैं। तभी उस दूसरे किनारे से चिया ने आवाज दी, 'स्वप्निल जल्दी आओ, यह केक तुम्हें ही काटना है।'

स्वप्निल जल्दी-जल्दी पुल पार करने लगा, लेकिन वह जैसे ही पुल के बीचों-बीच पहुंचा, पुल खट से टूट गया। यह देखकर वह डर गया। स्वप्निल को लगा, अब तो वह नदी में डूब जाएगा। वह पुल से नदी के पानी में गिरने ही वाला था, तभी एक दूसरे सुंदर से झूले पर वहां चिया आ गई। उसने सहारा देकर स्वप्निल को उस झूले पर ले लिया। चिया को अपने पास देखकर स्वप्निल का सारा डर उड़न-छू हो गया।

उसने देखा कि झूला सुंदर फूल-पत्ती और मजबूत लताओं का बना है। यह झूला किसी लकड़ी पर नहीं, हरी-पीली लंबी ककड़ी से बंधा है। ककड़ी का एक सिरा नदी के एक किनारे जेब्रा के कंधे पर है, दूसरा सिरा नदी के दूसरे किनारे पर कंगारू के कंधे पर है। बिना पंखों वाले कीवी और शुतुरमुर्ग भी उस ककड़ी को पकड़े हुए हैं। वहां एक रंगीन और सुंदर पंखों वाला मोर भी है। मोर नाच-नाच कर सबका मनोरंजन कर रहा है। एक रंग-बिरंगी तितली चिया और स्वप्निल के आस-पास मंडरा रही है। नीचे नदी के पानी में मछलियां लहरों के साथ अठखेलियां कर रही हैं। यह सब देखकर स्वप्निल बहुत खुश हुआ। अचानक उसे केक की याद आई। उसने आस-पास देखा। वहां न कहीं केक था, न ही गिफ्ट थे। तभी नदी के एक किनारे पर उसे एक लंबी पूंछ वाली चुहिया दिखी। चुहिया छिपकर स्वप्निल के केक को चट कर रही थी। कुछ गिफ्ट भी उस चुहिया ने कुतर-कुतर कर खराब कर दिए थे। यह देखकर स्वप्निल की सारी खुशी गायब हो गई। उसने दौड़कर उस चुहिया की पूंछ पकड़ ली और खींचते हुए जोर-जोर से रोने लगा, 'मेरा केक, मेरे गिफ्ट... मेरा केक, मेरे गिफ्ट...!'

तभी चिया की चीख सुनकर स्वप्निल की नींद खुल गई। उसने देखा, वहां न नदी थी, न ही झूला। न तितली थी और न ही चुहिया। जेब्रा और कंगारू, मोर और मछलियां भी नहीं थीं। उसके हाथ में चुहिया की पूंछ नहीं, चिया की चोटी थी, जिसे वह खींच रहा था और चिया दर्द से चिल्ला रही थी। मम्मी भी पास में ही खड़ी थीं।

स्वप्निल चिया की चोटी छोड़कर बोला, 'सॉरी चिया! लगता है मैं सपना देख रहा था।'

स्वप्निल ने अपना सपना मम्मी-पापा और चिया को सुनाया। उसका सपना सुनकर सभी को खूब हंसी आई। तभी मम्मी और चिया ने वहां टेबल पर सजाए गए केक और बहुत सारे गिफ्ट स्वप्निल को दिखाए। मम्मी बोली, 'देखो स्वप्निल, यह केक और गिफ्ट सब तुम्हारे लिए हैं और यह सपना नहीं है।'

चिया अपनी चोटी संभालते हुए बोली, 'और यहां चुहिया भी नहीं है।' चिया की बात सुनकर स्वप्निल और मम्मी-पापा जोर से खिलखिलाकर हंस दिए। *

---

कविता

दिनेश पाठक 'शशि'




## छुक-छुक रेल

बच्चे मिलकर खेलें खेल।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नंदू जी की गुड़िया बोली
आओ मिलकर खेलें-खेल।
हो जाते हैं खड़े इस तरह
बन जाएगी लंबी रेल।।
किंतु न करना कोई भैया
बिल्कुल धक्कम ठेला-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
चिंकी-पिंकी, टिंकू डिब्बे
इंजन राजा भैया।
राजुल गार्ड दे रहा सीटी
नाचे ता-ता थैया।
डिब्बे बनकर सब करते हैं
देखो कैसी ठेलम-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नहीं तीसरा दरजा इसमें
नहीं है दरजा पहला।
भेद-भाव से दूर बहुत है
कोई न नहला-दहला।
खेल-मेल की इस गाड़ी का
नाम रखा है चुनमुन मेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।

---

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां डिफरेंट ब्रीड के डॉग्स के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में ये सातों अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर : 1.सबसे आगे बैठे डॉग की पूंछ मुड़ी हुई है। 2.बाईं तरफ आगे खड़े डॉग का एक अगला पैर मुड़ा हुआ नहीं है, चारों पैर जमीन पर टिके हैं। 3.बाईं तरफ पीछे बैठे डॉग के सिर से लेकर आंख तक का एक हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 4.पीछे दौड़ रहे डॉग की नाक का अगला हिस्सा अलग तरह का है। 5.चित्र में पीछे दाईं तरफ सूरज चमक रहा है। 6.दाईं तरफ पीछे बैठे डॉग की जीभ अंदर है। 7.दाईं तरफ आगे बैठे डॉग का एक कान नहीं दिख रहा है।

## एनिमल का नाम बताओ

बच्चो, नीचे दिए गए प्रत्येक एनिमल के चित्र के साथ कुछ अल्फाबेट्स दिए गए हैं। इन अल्फाबेट्स को सही से अरेंज करने पर एनिमल का नाम तुम्हें मिलेगा। तो देर किस बात की, अल्फाबेट्स अरेंज कर प्रत्येक चित्र के नीचे दिए गए बॉक्सेज में एनिमल के नाम लिखो।



## खबर संक्षेप

### नेहरूगढ़ के श्रीबालाजी मंदिर में जागरण 29 को

**कोसली।** नेहरूगढ़ गांव स्थित श्रीबालाजी महाराज के मंदिर में 29 अप्रैल को जागरण व 30 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जागरण की शुरूआत महाराज शंभूदास ज्योति प्रज्वलित कर करेंगे। मंदिर कमेटी की बैठक के बाद सरपंच आशीष प्रजापति ने बताया कि हर वर्ष आख्या तीज के दिन भंडारे व पूर्व रात्रि पर जागरण का आयोजन किया जाता है। रागनी गायक कर्मपाल शर्मा व मंजू शर्मा तथा गांव के भजन गायक सुनील की टीम अपने भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे। विधायक अनिल यादव व जिला पार्षद शारदा यादव व नाहड़ ब्लॉक समिति चेयरमैन दुष्यंत कुमार यादव मौजूद रहेंगे।

### यादव कल्याण सभा का शिविर व बैठक 27 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 27 अप्रैल को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एच आर यादव मेडिसिन, डा. अनिल यादव हड्डीरोग, डा. अभिनव राव सर्जरी, डा. अजीत सिंह यादव चर्मरोग व डा. अजीत यादव बालरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी की सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। कैंप के बाद यादव कल्याण सभा की बैठक महंत लाल दास महाराज के सानिध्य में आयोजित होगी।

### कोसली बिजली निगम के मंदिर में भंडारा 6 को

**कोसली।** कोसली बिजली निगम के प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर में 6 मई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कैलाश जाखड़ की अध्यक्षता में वीरवार को हुई निगम कर्मचारियों की बैठक के बाद में कनिष्ठ अभियंता गौरव लांबा व मनोज कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति निगम परिसर स्थित मंदिर में 6 मई मंगलवार को हनुमानजी का भंडारा आयोजित किया जाएगा। बैठक में महेश प्रधान, सतीश जेई, महेंद्र सिंह जेई, सुरेश फोरमैन, जयप्रकाश, राजेश फोरमेन, जयसिंह फोरमेन, अक्षय डाबला, अनिल मल्हान, सोनू, रामसिंह, इंदरजीत, विकेश, सतीश व दिनेश उपस्थित थे।

### बिसोहा में केबल चुराकर उपकरण क्षतिग्रस्त किए

**कोसली।** बिसोहा गांव के समीप लगाई जा रही बिजली 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन के दो पोल्स के बीच की 360 मीटर की तार को अज्ञात चोर चुराकर ले गए तथा कुछ उपकरणों को क्षतिग्रस्त कर गए। ट्रासरेल लाइटिंग लिमिटेड में डिप्टी मैनेजर प्रमोद कुमार सिंह ने नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में बाया कि खेतड़ी से नरेला तक 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन का कार्य पावरग्रिड द्वारा किया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य उनकी कंपनी कर रही है। 18 अप्रैल को अज्ञात चोर ग्राम बिसोहा के समीप पोल नंबर 91/2 से 91/3 के बीच 360 मीटर तार चोरी कर ले गए। इसके अतिरिक्त 120 मीटर तार, 8 स्पेशर डम्पर, 2 सस्पेशन फिटिंग तथा 8 इन्सुलेटर को भी डैमेज कर गए, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2.8 लाख है।

---

### राष्ट्रीय पंचायत दिवस के उपलक्ष्य में जल संरक्षण पर कार्यक्रम

# पंचायती राज की मजबूती के लिए सरकार उठा रही कदम

डोहकी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व कृषि विभाग के तत्वावधान में किया गया कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। पंचायती राज दिवस पर ग्रामीणों को जानकारी देते हुए विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व कृषि विभाग की ओर से वीरवार को राष्ट्रीय पंचायत दिवस के उपलक्ष्य में गांव डोहकी में जल संरक्षण पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहयोग संगठन के जिला सलाहकार योगेंद्र परमार ने ग्रामीणों को पंचायत दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुरूआत 24 अप्रैल 1993 को हुई, उस समय 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू हुआ। इस संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा मिला और पूरे देश में त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली ग्राम पंचायत, ब्लॉक समिति एवं जिला परिषद को अपनाया गया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए सरकार की ओर से उचित कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल एवं स्वच्छता प्रबंधन के लिए ग्राम जल सीवरेज कमेटी का गठन किया गया है। गांवों के प्रत्येक घर में जल की उपलब्धता व गुणवत्ता सुनिश्चित करना जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का काम है, जबकि कमेटी का कार्य जल संरक्षण एवं जागरूकता का है। इस कमेटी में गांव के सरपंच की अध्यक्षता में 16 सदस्य होते हैं। परमार ने कहा कि जल सरंक्षण में ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका है।

**सभी गावों में लगेंगे वर्षा मापी यंत्र**

कृषि विकास अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जिले के प्रत्येक गांव में वर्षा जल का डाटा उपलब्ध कराने के लिए वर्षा मापी यंत्र लगाए जाएंगे। यंत्र की सहायता से ग्रामीण अपने क्षेत्र में हुई बारिश का सही आकलन कर सकेंगे और जल प्रबंधन के लिए उचित कदम उठा पाएंगे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के केमिस्ट दिलबाग सिंह ने ग्रामीणों को मौके पर पेयजल में क्लोरिनेशन की जांच करके बताया। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि कमेटी भी अपने स्तर पर विभाग की लैब में समय-समय पर जल जांच के लिए पानी के नमूने भेजें। खंड संयोजक मनोज कुमार ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभाग की ओर से जल जांच कार्य व पेयजल शुल्क इत्यादि कार्य किए जाने की योजना के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में सरपंच तेजपाल यादव, प्रिंसिपल अशोक कुमार, रोहित, पंकज, श्याम सिंह, भजनलाल, रीना देवी, राजबाला, रमेश चंद, संतोष देवी, नवल सिंह व पंप चालक जयपाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# शिक्षकों व विद्यार्थियों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

- हलगाम में आतंकवादियों के हमले की कड़ी निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 बेकसूर लोगों के मारे जाने से पूरे देश में आक्रोश है। वीरवार को दिल्ली रोड स्थित सतीश पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की गई।

प्राचार्या संगीता यादव ने पहलगाम में आतंकवादियों के हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चाहे कितनी भी कोशिश कर ले वह अपने नापाक इरादों में कभी सफल नहीं हो पाएगा। विद्यार्थियों ने पीएम नरेन्द्र मोदी से पाकिस्तान को सबक सिखाने की अपील की ताकि वो ऐसी हिम्मत दोबारा न कर सके। इस अवसर पर संगीता रानी, निशा यादव, अंजू, सीमा, रमनदीप, मोनिका, सुमन लता, आरती, शैली, रेखा मीना, शोभा, सोनिया, अंजूबाला, आस्था, गरिमा व सुरेखा आदि मौजूद थे।

---

# दैनिक जीवन में व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना जरूरी : सरपंच वर्षा

- गुजरवास में महिला जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली



मंडी अटेली। महिलाओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए। फोटो : हरिभूमि

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव गुजरवास में गुरुवार को महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रांड एम्बेसडर सरपंच वर्षा रानी ने की।

इस वेबिनार मीटिंग में पर्सनल हाइजीन विषय पर विभाग द्वारा जारी एक विशेष वीडियो के माध्यम से महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। वीडियो में स्वच्छता के महत्व, स्वच्छता बनाए रखने के तरीके और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं को सरपंच वर्षा रानी ने कहा कि महिलाओं की स्वच्छता न केवल उनके व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। इससे हम स्वस्थ रहेंगे और हमारे परिवार और समाज को भी स्वस्थ बनाने में मदद मिलेगी।

---

# पहलगाम की अमानवीय घटना से संपूर्ण देश स्तब्ध और आक्रोशित : मेनका

- जन शक्ति जागृति मंच ट्रस्ट के सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी




रेवाड़ी। पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

जन शक्ति जागृति मंच ट्रस्ट की ओर से वीरवार को पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की।

संगठन की राष्टीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि पहलगाम में जिस प्रकार यात्रियों के नाम और आईडी चेक कर कायराना हरकत की गई, यह घोर निंदनीय है। इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध और आक्रोशित है। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए सरकार से दोषियों को पकड़कर फांसी की सजा देने की मांग की। इस मौके पर ललिता यादव, विजय सिंह, सविता शर्मा, सोनिया, दीपक कुमार, सविता छाबड़ा, राजेश अग्रवाल, जयवीर कुमार, मनोज कुमार व सविता सहित संस्था के सभी सदस्य मौजूद थे।

---

# हिंदुओं की हत्या को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

- गुड़ियानी बाजार के व्यापारियों ने दो घंटे तक अपनी दुकानें बंद रखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली




रेवाड़ी। गुड़यानी में विरोध प्रदर्शन करते हुए संगठन के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

भारत रक्षा मंच व श्रीराम वाहिनी के आह्वान पर वीरवार को गुड़यिानी बाजार के व्यापारियों ने दो घंटे तक अपनी दुकानें बंद कर पहलगाम नरसंहार व पश्चिमी बंगाल में हिंदुओं की हत्या व उनके घरों में आगजनी की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया।

मंच की हरियाणा प्रदेश मंत्री सुनीता गुड़यिानी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने पहलगाम हमले में मारे गए बेकसूर हिंदुओं के लिए दो मिनट का मौन धारण कर शोक प्रकट किया तथा पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के नरसंहार के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराते हुए गांव के मुख्य चौराहे पर उनका पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन में रमेश मीणा, सरपंच नरेंद्र, रविंद्र प्रधान, सूरजभान, अशोक यादव, संपूर्ण सोनी, रामावतार यादव, प्रताप सैनी, नरेश सैनी, विजय भगत, नवदीप यादव, हर्षा यादव, दीपिका गुप्ता, किरण शर्मा, रोशन सोनी, कमर सिंह यादव, कप्तान राजेंद्र, वर्षा, सतीश, संजय प्रजापति, विजेंद्र, धर्मेंद्र यादव, काजू खन्ना, पार्षद जीवन हितेषी, मामन सैनी, राजकुमार, डा. जंगशेर, अमित यादव, धोलिया यादव व बबलू शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

---

# ग्रामीणों को अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति किया जागरुक

- गांव बलियार कलां में जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी




रेवाड़ी। जागरुकता शिविर में मौजूद ग्रामीण।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव डालसा अमित वर्मा के मार्गदर्शन में वीरवार को पंचायती राज अभियान के तहत गांव बलियार कलां में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

एडवोकेट धनेश कुमार एवं प्राविधिक स्वयंसेवक हेमंत कुमार राठी ने ग्रामीणों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि 1992 में 73वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा जो आधिकारिक तौर पर 24 अप्रैल 1993 को प्रभावित हुआ, उसमें पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है, जो जमीनी स्तर पर राजनीतिक सत्ता के विकेंद्रीकरण के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ। पंचायती राज का मुख्य उद्देश्य गांव में अंचलों और जिलों में स्थानीय स्वशासन का विकास करना है। विकेंद्रीकृत लोकतंत्र पंचायती राज व्यवस्था का आदर्श वाक्य है।

इस अवसर पर एडवोकेट धनेश कुमार ने मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना तथा मेरा गांव मेरी धरोहर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 चलाया हुआ है, जिस पर आम जन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

---

# यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले किसान के बेटे अजय का सम्मान

- बहाला और आसपास के कई गांवों के सरपंचों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली



रेवाड़ी। अजय को सम्मानित करते कई गांवों के सरपंच। फोटो :हरिभूमि

यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बहाला गांव निवासी अजय के सम्मान में गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व ब्लॉक समिति नाहड़ के चेयरमैन दुष्यंत यादव सहित आसपास के गांवों के सरपंचों ने अजय को फूलमाला व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

अजय के पिता राजाराम तथा भाई खेती करते हैं तथा दादा रामकुमार गांव के सरपंच रह चुके हैं। परिवार में कोई सरकारी नौकरी में नहीं है। किसान पिता के बेटे ने यह सफलता प्राप्त कर पूरे गांव व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में मां उर्मिला देवी, पिता राजाराम, पूर्व विधायक बहादुर सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश गुर्जर, ओमप्रकाश नेहरूगढ, रामौतार नयागांव, सरदार सिंह बहाला, डा. कृष्ण जुड्डी, मांगे राम, मुकेश लता खुर्शीदनगर, रामेश्वर बिसोहा, सरपंच प्रतिनिधि सत्यपाल, सुरेन्द्र जोगी, सरपंच रणबीर कोहारड़, आदि मौज़ूद रहे।

---



मंडी अटेली। सिहमा उपमंडल कार्यालय के प्रदीप कुमार को विदाई देते हुए।

### सिहमा उपमंडल के फोरमैन हुए जेई पदोन्नत ट्रांसफर होने पर स्टाफ सदस्यों ने दी विदाई

**मंडी अटेली।** सिहमा उपमंडल कार्यालय के प्रदीप कुमार को फोरमैन से जेई पदोन्नति दी गई है। उनकी पदोन्नति होते ही उनका स्थानांतरण फरीदाबाद कर दिया गया है। इस मौके पर सिहमा उपमंडल के स्टाफ सदस्यों ने उनको विदाई दी। प्रदीप कुमार सन 1997 में बिजली विभाग में एएलएम भर्ती हुए थे। विदाई के मौके पर उनके अच्छे कार्य और योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही बिजली निगम के कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी ने प्रदीप कुमार के योगदान की सराहना की और उनके साथ बिताए समय को याद किया। पदोन्नति होने पर प्रदीप कुमार ने अनुभव और विभाग के प्रति अपने लगाव को साझा किया। इस मौके पर एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि यह बड़े गर्व की बात है कि प्रदीप कुमार एएलएम भर्ती होकर अब जेई बने हैं। यह विदाई उनके प्रति विभाग के सम्मान और उनके योगदान की सराहना का प्रतीक है। इस मौके पर राजेश, प्रदीप, भूपेंद्र, सुरेंद्र, मनोज, इंद्रजीत, देशराज, विकास, ललित व कर्मवीर आदि उपस्थित थे।

---

### विद्यार्थियों को मोबाइल के सदुपयोग व दुरूपयोग के बारे में बताया

# विद्यार्थी जीवन सदाचार की आधारशिला पर ही सुरक्षित

- जैन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को संस्था ने साहित्य भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को साहित्य भेंट करते हुए संस्था सदस्य।

वीर भगत सिंह युवा दल के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम विद्यार्थी जीवन में मोबाइल का सदुपयोग का आयोजन जैन पब्लिक स्कूल में किया गया। प्राचार्या सोनल छाबड़ा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इस मौके पर युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि मोबाइल विज्ञान का एक अत्यंत उपयोगी व लाभदायक आविष्कार है। इससे देश-विदेश के विद्वानों का पूरा इतिहास, समस्त ज्ञान-विज्ञान एक ही स्थान पर हमें देखने को मिल जाता है। इनसे विद्यार्थी अपनी शिक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त कर पूरा लाभ उठा सकते हैं। इंटरनेट के माध्यम से जानकारी जुटाकर किसी भी विषय में पारंगत हो सकते हैं, लेकिन इसका अधिक समय तक उपयोग करना विशेष तौर पर आंखों व दिमाग की प्राकृतिक शक्ति के लिए हानिकारक हो सकता है। विद्यार्थी जीवन संयम व सदाचार की आधारशिला पर ही सुरक्षित रहता है। परिवार में माता-पिता की जिम्मेदारी बनती है कि वे नजर रखें कि उनके बच्चे मोबाइल का दुरूपयोग तो नहीं कर रहे हैं। युवा दल के संरक्षक अरुण गुप्ता, महिला प्रधान शशि जुनेजा व शिक्षाविद मधु गुप्ता ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के उपयोगी टिप्स दिए। मुख्याध्यापिका विजय गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पहलगाम में शहीद हुए लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अध्यापक दीपक ने कार्यक्रम में मंच संचालन किया। होनहार विद्यार्थियों को उपयोगी साहित्य भेंट किया गया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में प्रदीप शर्मा, देवेंद्र कुमार, सपना, ज्योति, सुमित्रा, अंजलि, सीमा, आशु, पूजा, रोजी, अन्नु, प्रेरणा, पूनम लखानी व मोनिका ढींगरा मौजूद थे।

**सूचना**

मैं, इन्द्रा पत्नी श्री दिनेश कुमार निवासी मौजा कोसली तह कोसली जिला रेवाडी हरियाणा बयान करती हूं कि 04-09-2010 को जन्मी मेरी सगी लड़की कनक इंदौरा के स्कूल रिकार्ड में मेरे नाम की स्पेलिंग गलती से INDIRA दर्ज हो गई है। जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग INDRA है। नाम को लेकर किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर मैं स्वयं जिम्मेदार हूंगी।

**LOST & FOUND**

I, Sanjay Kumar Yadav S/o Sh. Jagdish Yadav R/o Flat No. J-704, M2K County Heights, Sector-5 Dharuhera, Distt. Rewari (HR) declare that I have lost Original Builder Buyer Agreement of Flat No. E-301 M2K County Heights, Sector-5 Dharuhera, Distt. Rewari (HR) and Certified Copy of BBA at New Delhi of date 05.01.2017. If anybody found please inform me on above Address.

## खबर संक्षेप

### वाटर पार्क के बाहर से बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** गुरावड़ा के वाटर पार्क के बाहर से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। गांव चांदपुर जिला झज्जर निवासी अमित कुमार ने रोहड़ाई थाना पुलिस को बताया कि वह 23 अप्रैल को अपने बच्चों के साथ सुबह करीब 10:30 बजे एनएच-352 स्थित रफ वाटर पार्क गुरावड़ा आया था तथा मोटरसाइकिल को वाटर पार्क के बाहर खड़ी करके नहाने के लिए अंदर चला गया। जब करीब दोपहर 12 बजे वह वाटर पार्क के बाहर आया तो वहां से बाइक गायब थी। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### नंदरामपुर बास से ट्रांसफार्मर चोरी

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव नंदरामपुर बाद से चोर 25 केवीए ट्रांसफार्मर की एसओपी चोरी कर ले गए। कृषि क्षेत्र में लगा ट्रांसफार्मर उमाकांत के नाम पर था। डीएचबीवीएन के एसडीओ कृष्ण ने धारूहेड़ा पुलिस को बताया कि उमाकांत ने निगम के जेई को सूचना दी कि 16-17 अप्रैल की रात चोरों ने 25 केवीए का ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया है। उमाकांत ने डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। बिजली निगम के जेई ने उच्च अधिकारियों को चोरी की जानकारी दी। एसडीओ ने बताया कि ट्रांसफार्मर चोरी होने से बिजली निगम को 80024 रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**रेवाड़ी।** एनएच-71 पर गांव टहना के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई तथा एक महिला व एक अन्य युवक घायल हो गया। गांव गुरावड़ा निवासी बबली ने रोहड़ाई थाना पुलिस को बताया कि वह डेढ़ साल से एनएच-71 पर ठेकेदार के माध्यम से काम पर लगी हुई है। 23 अप्रैल को शाम करीब 4:30 बजे वह रामबाइ, सोनू, सुनिता व ओमबती के साथ काम कर रही थी। जब वह पेड़ों की कटिंग की छाल डालने के लिए रोड के साईड से जा रही थी तो एक स्कूटी चालक ने रामबाई को टक्कर मार दी तथा कुछ आगे चलकर स्कूटी भी गिर गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस रामबाई व स्कूटी सवार दोनों लड़कों को अस्पताल ले गई। हादसे में स्कूटी सवार लोकेश निवासी टहना दीपालपुर की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि विकास टहना दीपालपुर व रामबाई निवासी गुरावड़ा घायल हो गए।पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### तीस अप्रैल का राजपत्रित अवकाश रद

**रेवाड़ी।** हरियाणा में आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर राजपत्रित अवकाश नहीं होगा। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि मानव संसाधन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के तहत 26 दिसंबर 2024 को जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए, अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में घोषित राजपत्रित अवकाश को रद किया गया है।

### पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**रेवाड़ी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 18 वर्ष तक की हो, उनको ही पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। डीसी ने बताया कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा।

---

प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर कॉलोनाइजरों में हड़कंप

# बावल रोड पर चला डीटीपी का बुल्डोजर दो जगह की अवैध कॉलोनियां जमींदोज

■ अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम की ओर से अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। वीरवार को डीटीपी की टीम ने रेवाड़ी से बावल रोड पर अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी को जेसीबी मशीन से जमींदोज कर दिया।

पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हो सका। इसके अलावा डीटीपी ने राजस्व सीमा सुठानी में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर भी तोड़फोड की कार्रवाई की। जिले के कई एरिया में बिना अनुमति निर्माण किए जा रहे हैं। डीटीपी ने इस तरह के अवैध निर्माण करने वाले लोगों के सूची तैयार की है।

डीटीपी विभाग की ओर से अभियान चलाकर अवैध निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इससे प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर कॉलोनाइजरों तक में हड़कंप मचा हुआ है। डीटीपी की ओर से अवैध निर्माण का सर्वे करने के बाद टीम जेसीबी मशीन से निर्माण को ध्वस्त कर देती है। इस समय अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों में हड़कंप सा मचा हुआ है।



रेवाड़ी। बावल रोड पर अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी।

### वीरवार को यहां की गई कार्रवाई

जिले में नारनौल रोड, बावल रोड, झज्जर रोड व गढ़ी बोलनी रोड पर बड़ी संख्या में प्लॉटिंग हो रही है। डीटीपी की टीम ने वीरवार को बावल रोड पर अवैध रूप विकसित हो रही कॉलोनी पर जेसीबी चलाई। इस कार्रवाई में 23 डीपीसी, 8 चारदीवारी, 2 निर्माणाधीन अवैध भवन व कच्चे रोड नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा सुठाना की राजस्व सीमा में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में 17 डीसीपी, 5 चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

### अवैध निर्माणों पर चलती रहेगी कार्रवाई



अवैध निर्माणों पर विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

---



रेवाड़ी। डा. राजेन्द्र यादव का सम्मान करते शिक्षक व संगठन। फोटो : हरिभूमि

# डा. राजेन्द्र यादव ने संभाला नाहड़ खंड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

■ हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के पूर्व जिला प्रधान रविन्द्र भाकली ने एसो. के ओर से स्वागत किया

खंड संसाधन समन्वयक डा. राजेन्द्र यादव ने वीरवार को खंड शिक्षा अधिकारी नाहड़ के पद पर अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं शिक्षक संगठनों ने डा. राजेन्द्र यादव को शुभकामनाएं दी। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के पूर्व जिला प्रधान रविन्द्र भाकली ने एसोशिएशन की ओर से उनको पुष्पगुच्छ भेंट किया।

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के खंड नाहड़ के प्रधान प्रमोद नाहड़, यशपाल यादव, विनोद यादव व पूर्व सरपंच बिल्लू यादव ने भी डा. राजेन्द्र यादव को सम्मानित किया। डा. राजेन्द्र यादव ने सभी शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि खंड नाहड़ के विद्यालय जिले के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना विशेष स्थान रखते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि खंड को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास करें।

कार्यालय सहायक दिनेश कौशिक ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर प्राचार्य विनोद कुमार, ईश कुमार, महेश कुमार, यशवंत पाल, प्रवक्ता श्रीभगवान बव्वा, ललित कुमार, संजय कुमार, संजय शर्मा, लेखा सहायक दिनेश सुरेहली, मनिंदर यादव, विपिन गोपाल, हरियाणा अध्यापक संघ से विनोद यादव, हरिओम शर्मा, नरेन्द्र टूमना, मनीष यादव, धर्मेन्द्र यादव व चन्द्रशेखर मौजूद थे।

---

# जिले में अवैध खनन रोकने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करें अधिकारीः अभिषेक मीणा

■ लघु सचिवालय सभागार में लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर समाधान किया

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

जिला प्रशासन की ओर से सप्ताह में दो दिन लगाए जा रहे समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर समाधान करते हुए लोगों को राहत पहुंचाई।

डीसी मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रदेश भर के लोगों की शिकायतों को सुनकर उनका निदान करने की दिशा में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रही है।



रेवाड़ी। शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

**अवैध निर्माण व अतिक्रमण हटाने के निर्देश :** डीसी ने जन सुनवाई करते हुए जिले में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में अवैध निर्माण न होने देने के साथ ही अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए। डीसी ने कहा कि जहां कहीं भी अवैध निर्माण हो तो आमजन जिला प्रशासन को सूचना दे सकते हैं। डीसी ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण लोगों को समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। डीसी ने माइनिंग से संबंधित शिकायत में कहा कि जिले में किसी भी रूप से अवैध खनन न हो, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही जिले के राष्टीय व राज्य मार्गों के साथ अन्य संपर्क मार्ग से निकलने वाले खनिज वाहनों के ई-बिल की जांच की जाए और नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई करें। इस अवसर पर एडीसी अनुपमा अंजलि, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, सीटीएम प्रीति रावत, डीएसपी डा. रविन्द्र, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान व डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

---

# रेवाड़ी व बावल में लेबर कोर्ट स्थापना को लेकर अधिकारियों से की चर्चा

■ डीसी मीणा ने जिले में युद्ध संग्रहालय और शहीद स्मारक बनाने के संदर्भ में जिला सैनिक बोर्ड व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ भी बैठक की

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने रेवाड़ी व बावल में लेबर कोर्ट खोलने को लेकर श्रम विभाग व न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने लेबर कोर्ट के स्थापना बारे में चर्चा की। डीसी ने कहा कि न्यायिक परिसर के प्रशासनिक कार्यालय अथवा उपभोक्ता कोर्ट में विस्तार करके भी लेबर कोर्ट स्थापित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक सप्ताह के बाद दोबारा बैठक आयोजित की जाएगी। डीसी मीणा ने जिले में युद्ध संग्रहालय और शहीद स्मारक बनाने के संदर्भ में जिला सैनिक बोर्ड व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ भी बैठक की। डीसी ने कहा कि रेजांगला पार्क में जगह चयनित करते हुए शहीद स्मारक और युद्ध संग्रहालय को बनाया जाए ताकि वहां आने जाने वाले लोगों को इस बारे में जानकारी मिल सकें। बैठक में एसडीएम सुरेन्द्र सिंह व एसडीएम बावल उदय सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

---

# जिले को अपराध मुक्त करने के लिए किया जाएगा हर संभव प्रयासः एसपी

■ जिले में 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हांसी से स्थानांतरित होकर आए एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने बुधवार को जिला रेवाड़ी का कार्यभार संभाल लिया है। रेवाड़ी पहुंचने पर डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा, डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर व डीएसपी कोसली विद्यानंद सहित सभी शाखा इंचार्ज ने एसपी मीणा का स्वागत किया। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा 2018 बैच के पुलिस अधिकारी हैं।



वे स्वच्छ छवि तथा आमजन के कार्यों के लिए समर्पित पुलिस अधिकारी के तौर पर जाने जाते हैं। एसपी हेमेंद्र मीणा राजस्थान के जिला दौसा के रहने वाले हैं और उन्होंने बीटेक किया है। इससे पहले उन्होंने एसपी हांसी के अलावा डीसीपी क्राइम फरीदाबाद के तौर पर भी सेवाएं दी हैं। कार्यभार संभालने पर सभी डीएसपी के साथ बैठक करके जिले की सुरक्षा संबंधी जानकारी ली और क्राइम कंट्रोल करने के लिए कड़े निर्देश दिए। एसपी मीणा ने कहा कि जिले को अपराध मुक्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा, बढ़ते साइबर अपराध व नशे की रोकथाम करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को पीड़ति फरियादों की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई कर शीघ्र न्याय दिलवाने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि समय-समय पर आमजन के साथ बैठक कर उनका सहयोग भी लिया जाएगा और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए नीति बनाए जाएगी।

---

# गवर्नमेंट स्कूल खोल में पीपीपी कार्यशाला का आयोजन, विद्यार्थियों को दी योजनाओं की जानकारी

■ एचपीपीए स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे एपीसी सुंदर सिंह की देखरेख में प्रिंसिपल राजकुमार यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोल में शिक्षा विभाग की ओर से परिवार पहचान पत्र कार्यशाला आयोजित की गई। एचपीपीए स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला कार्यक्रम में मुख्य वक्ता थे। एपीसी सुंदर सिंह की देखरेख में प्रिंसिपल राजकुमार यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर डा. खोला ने कहा परिवार पहचान पत्र एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत जारी होने वाली आईडी विद्यार्थियों के लिए कई लाभ प्रदान करती है।

यह केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद करती है। परिवार पहचान पत्र से आय, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र और जन्म प्रमाण पत्र बनवाना आसान हो जाता है। यह विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों में नामांकन प्रक्रिया को आसान बनाती है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य राज्य के सभी परिवारों का डेटाबेस बनाना है, जो विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल्द ही अन्य प्रदेश भी परिवार पहचान पत्र का अनुसरण करने जा रहे है।

कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों की प्रोजेक्टर के माध्यम फैमिली आईडी को खोलना, त्रुटियों को दूर करना, नाम काटना, नाम जोड़ना, जाती प्रमाण पत्र बनाना व रिहायशी प्रमाण पत्र बनाने सहित दर्जनों योजनाओं का सीधा लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में नौवीं, दसवीं, ग्यारवीं व बारहवीं कक्षा के छात्रों सहित प्रिंसिपल राजकुमार यादव, प्रवक्ता सुनील यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष यादव व नेमीचंद सहित सभी अध्यापक मौजूद थे।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को पीपीपी की जानकारी देते सतीश खोला।

---

# यूपीएससी पास करने पर अंकित को किया सम्मानित



रेवाड़ी। मूलरूप से गांव बलवाड़ी निवासी शांति नगर में रहने वाले अंकित ने प्रथम प्रयास में ही सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल की है। वीरवार को सेवा स्तम्भ प्रधान भगत सिंह सांभरिया सहित सभी पदाधिकारियों ने अंकित को सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी। अंकित ने कठिन परिश्रम, लगन व आत्मविश्वास से लक्ष्य की प्राप्ति में लगे रहकर परीक्षा में 782वीं रैंक लेकर सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके माता-पिता के आशीर्वाद व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। सेवा स्तम्भ प्रधान ने कहा कि अंकित की सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे समाज एवं क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। रिटायर्ड बीईओ राज कुमार जलवा ने कहा कि अंकित की सफलता ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर अंकित के माता-पिता महिपाल थानेदार एवं सुनीता देवी, वरिष्ठ उपप्रधान आरपी सिंह दहिया सहित अन्य मौजूद रहे।

---

**विदाई समारोह** डा. मयंक गुप्ता को दी गई विदाई व नवनियुक्त एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा का किया गया स्वागत

# सेवा, सुरक्षा और सहयोग की भावना पर कार्य करते हुए लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरें पुलिसकर्मी : डा. मयंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से एसपी डा. मयंक गुप्ता के जिला सिरसा स्थानांतरण होने व नवनियुक्त एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के रेवाड़ी आगमन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी पुलिस अधिकारी मौजूद थे। धारूहेड़ा के निजी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा, डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण व डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर सहित सभी पुलिस अधिकारियो अपने अनुभव को सांझा किए।

इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह ने कहा की पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने कम समय में अपने कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व और अच्छी कार्यशैली की छाप छोड़ी है। उनके कार्यकाल में जिला पुलिस ने क्राइम डिटेक्शन के मामले में बहुत ही सराहनीय कार्य किया। जिले में चोरी, झपटमारी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं में कमी आई है। गंभीर आपराधिक मामलों को भी उन्होंने तत्परता से निपटाया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार नवनियुक्त एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा भी जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में कार्य करते हुए आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि तबादला प्रक्रिया सेवा का एक हिस्सा है, जिसके चलते दोनों अधिकारियों के तबादले हुए हैं।



रेवाड़ी। एसपी डा. मयंक गुप्ता को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### डा. मयंक गुप्ता ने की पुलिसकर्मियों की सराहना

डा. मयंक गुप्ता ने कहा कि जिले में उनके सेवाकाल के दौरान उनके अधीनस्थ व साथी अधिकारियों व कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिला है। जिला पुलिस में तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारी निष्ठावान और बहुत मेहनती हैं। एसपी डा. गुप्ता ने कहा कि आमजन में पुलिस के प्रति सोच में लगातार बदलाव आ रहा है। यह पुलिसकर्मियों के अच्छे व्यवहार और कठिन परिश्रम का परिणाम है। पुलिसकर्मियों को चाहिए कि वह लगातार सेवा, सुरक्षा और सहयोग की भावना पर कार्य करते हुए जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें। नवनियुक्त एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि डा. मयंक गुप्ता ने उनके साथ ट्रेनिंग की हुई हैं। वह उनकी कार्यशैली और स्वभाव से भली भांति परिचित हैं। वह सरल स्वभाव के कुशल अधिकारी हैं। उन्होंने कहा जिले के सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने उत्तरदायित्वों का बारीकी से अध्ययन करें ताकि पुलिस की कार्य प्रणाली को और भी अधिक बेहतर बनाया जा सके। महिलाओं की सुरक्षा, बढ़ते साइबर अपराध व नशे की रोकथाम उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर सभी पुलिस अधिकारियों ने दोनों एसपी को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सभी थाना प्रबंधक, एसपी ऑफिस के सभी अधिकारी, कर्मचारी व अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।